आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 3

कक्षा : सातवीं

विद्या सवर्थि साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 30

दिनांक : 03 -01-2024 | समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ', और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में दो वर्णनात्मक (उप प्रश्नों सहित) प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश दिया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं; पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुद्धि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गई हैं। इसके कारण मानव-मानव में घृणा, ईर्ष्या वैमनस्य कटुता में कमी नहीं आई। मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है, शिक्षा का व्यापक प्रसार।

(i) मनुष्य अधर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा है ?

(क) संतों के अनुभव से (ख) वर्ण भेद से

(ग) घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्य, कटुता से (घ) अपनी शुभ बुद्धि से

(ii) (ख) विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ है ?

(क) देशों में भिन्नता बढ़ी है। (ख) देशों में वैमनस्यता बढ़ी है।

(ग) देशों की दूरियाँ कम हुई है। (घ) देशों में विदेशी व्यापार बढ़ा है।

(iii) देश में आज भी कौन-सी समस्या है ?

(क) नफ़रत की (ख) वर्ण-भेद की

(ग) सांप्रदायिकता की (घ) अमीरी-गरीबी की

(iv) किस कारण से देश में मानव के बीच, घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्यता एवं कटुता में कमी नहीं आई है ?

(क) नफ़रत से (ख) सांप्रदायिकता से

(ग) अमीरी गरीबी के कारण (घ) वर्ण-भेद के कारण

(v) मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है

(क) शिक्षा का व्यापक प्रसार (ख) धर्म का व्यापक प्रसार

(ग) प्रेम और सद्भावना का व्यापक प्रसार (घ) उपर्युक्त सभी

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x7=7)

(i) 'जिसकी गिनती न हो सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है -

(क) मगण्य (ख) अगण्य (ग) जघन्य (घ) अनुभवी

(ii) 'वह जोर से रोया |' क्रिया विशेषण का भेद है -

(क) रीतिवाचक (ख) स्थानवाचक (ग) कालवाचक (घ) परिमाणवाचक

(iii) 'अर्क' शब्द का अनेकार्थी शब्द समूह है -

(क) चंद्र, इंदु (ख) दिवस, दिवा

(ग) सूर्य, सत्व (सौंफ का अर्क) (घ) चाप, कमान

(iv) 'क् + र् + इ + य् + आ' वर्ण विच्छेद का सही विकल्प चुनिए-

(क) क्रिया (ख) किरिया (ग) क्रीया (घ) कृया

(v) 'कीचड़ उछालना' मुहावरे का अर्थ है -

(क) निरादर करना (ख) कलई खुलना (ग) संतोष होना (घ) चुगली करना

(vi) 'शुभ+इच्छा = शुभेच्छा' संधि का भेद है -

(क) दीर्घ (ख) गुण (ग) वृद्धि (घ) यण

(vii) 'पंचतंत्र' समास का भेद है -

(क) द्वंद्व (ख) द्विगु (ग) तत्पुरुष (घ) कर्मधारय

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x4=4)

(i) किसके ताल पर नीलकंठ का तन्मय नृत्य आरंभ होता है ?

(क) बादलों की गड़गड़ाहट के ताल पर (ख) ढोलक के ताल पर

(ग) सितार के ताल पर (घ) महादेवी वर्मा के कहने पर

(ii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए -

(iii) 'एक तिनका' कविता से कवि ने क्या सीख दी है ?

(क) हमें गर्व करना चाहिए (ख) हमें घमंड करना चाहिए

(ग) हमें इतराना चाहिए (घ) हमें घमंड नहीं करना चाहिए

(iv) सावन के महीने में किसका मन उमंग से भर जाता है ?

(क) मीराबाई का (ख) माँ यशोदा का

(ग) कृष्ण का (घ) गोपियों का

<u>खंड - 'ब'</u>

4. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) माता यशोदा अपने कृष्ण को किस प्रकार और क्या कहकर जगा रही है ?

(ii) कुब्जा और नीलकंठ के स्वभाव में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(iii) वीर कुंवर सिंह के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? लिखिए।

(iv) निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ बताइए-

"मैं झिझक उठा , हुआ बेचैन-सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।"

5. विद्यालय के वार्षिक खेल (एनुअल खेल) प्रतियोगिता के बारे में दो छात्र (पंकज और मोहित) के बीच हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए | (1x5=5)

अथवा

माँ और बच्चे के बीच भोजन की पौष्टिकता को लेकर हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए |